उत्तर प्रदेश शासन
सचिवालय प्रशासन अनुभाग–4(अधि0)
संख्या–1545 / बीस–4–ई–2012–34(वि0 / 2011
लखनऊः दिनांकः 12 जून, 2012

कार्यालय–ज्ञाप

वेतन समिति (2008) के दसवें प्रतिवेदन (भाग–1) में उ0प्र0 सचिवालय के संबंध में की गयी विस्तृत संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन विषयक वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–वे0आ0–2–381 / दस–54(एम) / 2008 टी0सी0, दिनांक–18 मार्च, 2011 के अन्तर्गत श्री राज्यपाल, उ0प्र0 सचिवालय के प्रभारी टाइपराइटर मैकेनिक, टाइपराइटर मैकेनिक एवं सहायक टाइपराइटर मैकेनिक के पदों को मृत संवर्ग घोषित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उपर्युक्त पदों पर तैनात पद धारकों द्वारा सेवानिवृत्त अथवा अन्य कारणों से पद रिक्त किये जाने पर यह पद स्वतः समाप्त माने जायेंगे।

3– यह आदेश वित्त विभाग के आशासकीय पत्र संख्या–ई–5–489 / दस–2012, दिनांक 11 जून, 2012 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

सुधीर कुमार श्रीवास्तव
सचिव।

संख्या–1545(1) / बीस–4–ई–2012, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3– सचिवालय प्रशासन अनु0–10 / 11(लेखा)।
4– सचिवालय प्रशासन अनु0–1 / 3 / 5(अधि0)
5– सचिवालय प्रशासन अनु0–7 / 8 (विविध)
6– वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–5
7– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1 / 2
8– निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल योजना भवन, लखनऊ को आदेश सचिवालय प्रशासन विभाग की वेव साइट पर डाले जाने हेतु।
9– अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,
(जितेन्द्र राम त्रिपाठी)
उप सचिव